कानपुर नगर निगम

मा० कार्यकारिणी समिति दिनांक 28.02.2014 की आहूत बैठक का कार्य-वृत्त

स्थानः नगर निगम समिति कक्ष, मोतीझील ,कानपुर

कार्यालय सचिव नगर निगम,
नगर निगम, कानपुर

पत्र संख्याः डी/301/सचिव (न.नि.)/13–14 दिनांक :-28-03-2014

सेवामें

मा0 श्री/श्रीमती/..,

पार्षद वार्ड सं0........./सदस्य कार्यकारिणी

महोदय/महोदया,

नगर निगम कार्यकारिणी समिति की दिनांक 28.02.2014 दिन शुक्रवार की आहूत बैठक, का कार्यवृत्त आपकी सेवा में संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नक : कार्यवृत्त पृष्ठ संख्या 01 से 02 तक।

(राम बली पाल)
सचिव
नगर निगम,कानपुर

प्रतिलिपिः

1. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में संज्ञानार्थ।
2. अपर नगर आयुक्त (प्रशासन) महोदय को सूचनार्थ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/विभागाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
नगर निगम,कानपुर

दिनांक– 28.02.2014 दिन शुक्रवार को सायं 04:00 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में आहूत कार्यकारिणी समिति की बैठक का कार्यवृत्त :–

उपस्थिति

1.	श्री जगतवीर सिंह द्रोण	महापौर / सभापति
2.	श्री महेन्द्र पाण्डेय 'पप्पू'	पार्षद / उप सभापति
3.	श्री अभिषेक गुप्ता 'मोनू'	पार्षद / सदस्य
4.	श्रीमती उत्तम दुबे	पार्षद / सदस्य
5.	श्री जितेन्द्र कुमार	पार्षद / सदस्य
6.	श्री संदीप जायसवाल	पार्षद / सदस्य
7.	श्री कमलेश	पार्षद / सदस्य
8.	श्री आलोक दुबे	पार्षद / सदस्य
9.	श्री आदर्श दीक्षित	पार्षद / सदस्य
10.	श्री राकेश साहू	पार्षद / सदस्य
11.	श्री मदन लाल	पार्षद / सदस्य
12.	श्री कैलाश नाथ पाण्डेय	पार्षद / सदस्य

अधिकारीगण

1.	श्री डी0 के0 सिंह	नगर आयुक्त
2.	श्री डी. के. गुप्ता	मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
3.	श्री तरूण कुमार शर्मा	मुख्य अभियंता "सिविल"
4.	श्री राकेश मोहन अस्थाना	मुख्य अभियंता "वि0 / यॉ0"
5.	श्री राजीव बाजपेई	महाप्रबन्धक,जलकल

सभापति ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुये कार्यसूची में दिये गये बिन्दु नगर निगम के पुनरीक्षित एवं मूलबजट के आय–व्यय के तखमीनों के साथ जलकल विभाग के मूलबजट पर विचार–विमर्श करने के लिये सभी सदस्यों से कहा।

कार्यकारिणी समिति के उपस्थित सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित प्रस्ताव देते हुये सभापति से अनुरोध किया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगर आयुक्त महोदय का स्थानान्तरण कर दिया गया है, जो नगर निगम एवं कानपुर के हित में नही है। अतः आपसे अनुरोध है कि सर्वप्रथम स्थानान्तरण रूकवाने हेतु अपने स्तर से उत्तर प्रदेश शासन को पत्र भिजवाने का कष्ट करें, अन्य किसी भी विषय पर चर्चा न की जाय।

ह0....महापौर

प्रस्ताव सं0–273

माननीय सभापति जी,
कार्यकारिणी समिति,
कानपुर नगर निगम।

इसी के साथ अन्त में सभापति द्वारा बैठक को स्थगित करते हुये दिनांक–04.03.2014 को सायं 04:00 बजे बैठक आहूत की गई।

महोदय,

निवेदन है कि आज दिनांक–28.02.2014 को अचानक श्री डी0के0सिंह नगर आयुक्त कानपुर नगर निगम का स्थानान्तरण कर दिया गया है। श्री डी0के0सिंह, नगर आयुक्त, कानपुर एक निष्ठावान, कर्तव्यनिष्ठ, शहर के नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण के साथ साथ नगर निगम के कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण तथा देयकों का भुगतान समय पर करने के साथ ही कानपुर के चर्तुदिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर एक कुशल अधिकारी एवं ईमानदारी का अविस्मरणीय प्रमाण प्रस्तुत किया है, इनकी कार्यप्रणाली एवं ईमानदारी की प्रशंसा के साथ ही इनके इस स्थानान्तरण का हम सभी कार्यकारिणी के सदस्य विरोध करते है, तथा इस कार्यकारिणी की बैठक में श्री डी0 के0 सिंह, नगर आयुक्त कानपुर नगर निगम के स्थानान्तरण को तत्काल रोकने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से प्रस्तुत करते है।

कृपया आप तत्काल हमारी भावनाओं को मण्डलायुक्त महोदय के माध्यम से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

.... **निर्णय लिया गया कि स्थानान्तरित हुये नगर आयुक्त श्री डी0के0सिंह के स्थानान्तरण को रूकवाने हेतु सभापति द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश को पत्र लिखा जाये।**

ह0...महापौर
(जगत वीर सिंह द्रोण)
महापौर / सभापति